MR. SPEAKER : I have not denied the right.

श्री मधु लिमये : मंत्री महोदय उस पर कुछ कहते नहीं हैं । अगर वह कुछ कहेंगे तो मैं अड़चन नहीं डालूंगा ।

MR. SPEAKER : You raised three issues on the previous matter. I ask the Minister to reply to you. That is what you want.

SHRI DINESH CHANDRA GOSWAMI (Gauhati) : I rise on a point of order.

SHRI S. M. BANERJEE : According to rules, the hon. Member can speak only from his seat.

MR. SPEAKER : My ruling is that when the Speaker is standing, both of you should sit down.

SHRI K. RAGHU RAMAIAH : I would like to know what his suggestions are.

श्री मधु लिमये : देखिये मंत्री महोदय ने सुना तक नहीं ।

SHRI K. RAGHU RAMAIAH : You had spoken so much and everything gets mixed up. I would like to know your suggestions. I have got before me three suggestions—one is discussion on non-publication of the Tariff Commission Reports and the other is shortage of artificial yarn leading to sky-rocketing of prices and hardship to weavers' families. Rise in price of cotton, food scarcity and lack of drinking water in Birbhum, Rajasthan, Maharashtra, Mysore and other States in the country are your other points, and I have noted them. And whatever suggestions have been made by the hon. Member would certainly be conveyed by me to the Minister concerned and it is for the Minister to decide what action to take in these matters.

MR. SPEAKER : The question is :

"That this House do agree with the Twenty-ninth Report of the Business Advisory Committee presented to the House on the 3rd May, 1973."

The Motion was adopted

12·35 hrs.

DISCUSSION RE: APPOINTMENT OF CHIEF JUSTICE OF INDIA—*Contd.*

MR. SPEAKER : Now we are resuming the discussion on the appointment of the Chief Justice. The time fixed was six hours. Time taken is 3 hours 30 minutes. Balance of time is only 2 hours, 30 minutes. I have with me the allocation of time. According to it, it will be like this :—

Jan Sangh . .	14 minutes.
D.M.K. . .	14 minutes
Congress . .	1 Hour 42 minutes.
U.I.P.G. . .	9 minutes.
Congress (O) .	9 minutes.
Unattached . .	9 minutes.

We can have a little bit of adjustment this side or that side.

SHRI SHYAMNANDAN MISHRA : (Begusarai) : We can as well have no discussion.

MR. SPEAKER : The Minister's time will be taken from out of his own party's time.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (ग्वालियर) : अध्यक्ष जी, अगर इस पर अधिक लोग बोलना चाहते हैं, और विषय महत्वपूर्ण है, तो आप एक घंटा बढ़ा सकते हैं । मंत्री महोदय सोमवार को जवाब दे सकते हैं ।

MR. SPEAKER : We do not want to continue this on any other day. Now it is 12·30 and we have 3 hours left. But if hon. members want some more time for this discussion, we can take up the private members, business at 4·30 instead of at 3·30 so, we will get one more hour. How much time does the minister want ?

THE MINISTER OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI H. R. GOKHALE) : 45 minutes.

MR. SPEAKERS : May I make a request to the hon. members on both sides of the House, to listen with full patience, whatever be the criticism either from this side or that side. Sometimes at the end of the debate, members get so tired and lose their patience. For God's sake, let us have a peaceful and calm discussion. Shri Vajpayee.

(*Interruptions*)

MR. SPEAKERS: I am not allowing anybody else. Shri Vajpayee.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (ग्वालियर) : अध्यक्ष जी, जब मैं उस दिन श्री मोहन कुमार मंगलम के भाषण को सुन रहा था तो मुझे एक उर्दू का शेर याद आया :—

कपड़ा सड़ा गला हो तो मुमकिन नहीं रफू
सीते थे आस्तीन गरेबान फट गया।
बारे गुनाह वह बस उठे गुनाह से,
धोने से और दामने ईमा चिकट गया।

अध्यक्ष महोदय : मुझे इस बात की खुशी है कि आप ने भी उर्दू बोली।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : जब इस महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा आरम्भ हुई तब यह कहा गया था कि यह मामला एक मामूली मामला है, सुप्रीम कोर्ट के तीन जजो को ताक पर रख कर एक कनिष्ठ जज को सर्वोच्च न्यायाधीश के पद पर अधिष्ठित कर देना कोई बड़ी बात नही है, देश में और भी महत्वपूर्ण प्रश्न हैं, इस सवाल पर इतना समय लेने की आवश्यकता नही है। लेकिन अध्यक्ष महोदय, जो चर्चा हुई और उस चर्चा मे श्री मोहन कुमारमगलम ने जिस प्रकार का भाषण दिया उस से यह बात स्पष्ट हो गयी कि यह प्रश्न केवल एक व्यक्ति को चीफ जस्टिस बनाने का नही है, यह प्रश्न केवल तीन वरिष्ठ जजो को उन के अधिकारो से वचित कर देने का भी नही है, यह प्रश्न इस बात का है कि देश में न्यायपालिका की स्वाधीनता रहेगी या नही रहेगी ? इस देश मे लोकतत्र चलेगा या नही चलेगा ?

श्री मोहन कुमार मगलम ने जो भाषण दिया उस भाषण ने विरोधी दलो और संसद के बाहर वकीलो के सघो ने, बुद्धिजीवियो ने, चीफ जस्टिस की नई नियुक्ति पर जो आशंकाये तथा आपत्तिया प्रकट की है उनकी पुष्टि हो गई। तीन वरिष्ठ जजो को हटा कर कनिष्ठ जज को मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने से न्यायपालिका की स्वाधीनता और पवित्रता पर जो चोट लगी थी, विधिमंत्री श्री गोखले ने ला कमिशन की सिफारिश का मरहम लगा कर उसकी पीड़ा को कम करने की कोशिश की थी, लेकिन उनके मित्र श्री मोहन कुमारमंगलम ने उस घाव पर नमक छिड़क दिया है। उन्होंने यह स्पष्ट कह दिया है कि सरकार को कमिटेड जजेज चाहियें। श्री मोहन कुमार मंगलम ने कहा है कि जजों की नियुक्ति में उनकी फिलास्फी और आउटलुक देखा जायेगा। श्री मोहन कुमार मंगलम ने यह भी पूछा है कि

"It is not good that we should have as Chief Justice of India a man who will help to put an end to this period of confrontation?"

जो कन्फ्रंटेशन पिछले छ: साल से चल रहा है, श्री मोहन कुमारमंगलम चाहते हैं कि ऐसा व्यक्ति जज बनाया जाय जिसे सरकार और सर्वोच्च न्यायालय के बीच चलने वाला वह संघर्ष समाप्त हो जाये।

उन्होने एक और बात कही। हमे ऐसे जज चाहियें :

" who can effectively work and help us in the Supreme Court"

सरकार को ऐसे जज चाहिये जो सुप्रीम कोर्ट मे सरकार की मदद कर सके। "सरकार की मदद कर सके" इस का मतलब क्या है ? कई मामला में सरकार पार्टी हुआ करती है। मुझे बतलाया गया है कि 60 प्रतिशत लिटिगेशन ऐसा होता है जिस मे सरकार पार्टी हुआ करती है। व्यक्ति तथा व्यक्ति के बीच मे ही सघर्ष नही होता है, व्यक्ति और सरकार के बीच मे भी सघर्ष होता है। जब व्यक्तिगत स्वाधीनता पर आच आती है, जब मूलभूत अधिकारो का अपहरण किया जाता है, जब सविधान में दी गई व्यक्तिगत गरिमा की गारन्टी की धज्जियां उडाई जाती है, तब व्यक्ति को सर्वोच्च न्यायालय के दरवाजे खटखटाने पड़ते हैं। क्या देश मे सर्वोच्च न्यायालय में बैठे हुए जो जज आज हैं वह सरकार की मदद करने के लिये बिठाये गये है ? जिन की फिलासफी, जिनका आउटलुक सरकार की फिलासफी और सरकार के आउटलुक से मेल खाता है,

क्या वह संविधान की रक्षा कर सकते हैं, क्या वह व्यक्तिगत स्वाधीनता का संरक्षण कर सकते है, या वह मूलभूत अधिकारों को बचा सकते हैं ?

श्री मोहन कुमारमंगलम आज फिलासफी की बात करते हैं । क्या श्री मोहन कुमारमंगलम के आने के पहले इस पार्टी की और इस सरकार की कोई फिलासफी नहीं थी ? क्या फिलासफी श्री मोहन कुमारमंगलम ने पहली बार दी है ? जजों को जिस संविधान का पालन करने की शपथ लेने के लिये कहा जाता है, क्या उस संविधान की कोई फिलासफी नहीं है ? क्या संविधान के निर्माता सब प्रकार के दर्शन से शून्य थे ? क्या संविधान के निर्माता आर्थिक प्रगति नहीं चाहते थे ? क्या वे सामाजिक न्याय के सिद्धान्त से बंधे हुए नहीं थे ?

लेकिन इस के साथ साथ ही वे न्यायपालिका की स्वतंत्रता से भी बंधे हुए थे । इसी लिये संविधान में यह प्रावधान किया गया है कि जजों की नियुक्ति राष्ट्रपति करेंगे । 65 साल की आयु तक उन्हें हटाया नहीं जा सकेगा । उन का वेतन कसोलिडेटेड फंड आफ इंडिया में लिया जायेगा संसद उनमें कटौती नहीं कर सकेगी । कोई जज सरकारी आदेश से नहीं हटाया जा सकेगा । संविधान में एक विशेष प्रक्रिया दी हुई है जिस के अनुसार संसद के दोनों सदनों के सदस्यों को राष्ट्रपति को एक ज्ञापन देना पड़ेगा जिस पर कार्रवाई कर के किसी जज को हटाया जा सकता है । ये सब प्रावधान जो न्यायपालिका की स्वाधीनता की रक्षा के लिये संविधान में शामिल किये गये हैं, क्या किसी दर्शन के दर्पण नहीं है ? क्या उन के मूल में कोई बुनियादी चिंतन नहीं है ? क्या संविधान के निर्माता यह नहीं चाहते थे कि देश में व्यक्तिगत स्वाधीनता और आर्थिक समता का समन्वय किया जाये, देश आर्थिक क्षेत्र में आगे बढ़े, विषमता घटे, शोषण समाप्त हो ? लेकिन इसके साथ साथ व्यक्तिगत स्वाधीनता की भी रक्षा हो और उस की रक्षा करने का काम प्रमुख रूप से सर्वोच्च न्यायालय को सौंपा गया ।

आज तो कहा जाता है कि सर्वोच्च न्यायालय के जज ऐसे होने चाहियें जो सरकार की हां में हां मिलायें । श्री मोहन कुमारमंगलम कहते हैं कि छः वर्षों से कफ्रंटेशन हो रहा है । अब वह आशा करते हैं कि कफ्रंटेशन नहीं चलेगा । क्या इस का मतलब यह है कि जो नये चीफ जस्टिस बने हैं, उन से पहले यह चर्चा कर ली गई है कि आप को चीफ जस्टिस इसी शर्त पर बनाया जायेगा । आप अब सरकार के खिलाफ कोई फैसला नहीं देंगे? चीफ जस्टिस इस मामले में क्या करेंगे , क्या श्री मोहन कुमारमंगलम ऐसी भविष्यवाणी कर सकते है ? क्या नये चीफ जस्टिस से उन्होंने पहले चर्चा कर के कोई आश्वासन ले लिया है ? कौन सा जज किस समय कैसा निर्णय देगा, इस के बारे में कोई गारण्टी नहीं दी जा सकती ।

मैं चीफ जस्टिस रे के खिलाफ कुछ नहीं कहना चाहता । वह एक सम्मानित जज हैं, लेकिन जिन तीनों को नाक पर रखने के बाद वह चीफ जस्टिस बने हैं वह भी सम्मानित जज हैं । उन जजों के बारे में बहुत कुछ कहा गया है । मैं सुप्रीम कोर्ट की कार्रवाई देख रहा था । जस्टिस रे का एक निर्णय मेरे सामने आया है । जस्टिस रे कलकत्ता हाई कोर्ट में जज थे । हरिदास मूंदड़ा का मामला उन के सामने गया । मूंदड़ा तीन साल जेल में रहने के बाद छूटे थे । मूंदड़ा हैगरफोर्ड टर्नर मारिसन ऐंड कम्पनी के सब शेयर लेना चाहते थे । उस समय मूंदड़ा के पास केवल 49 परसेंट शेअर थे । लेकिन हैंगरफोर्ट के साथ उन का समझौता था जिस के अनुसार वह कीमत देकर बाकी के 51 प्रतिशत शेयर भी ले सकते थे । मगर टर्नर मारिसन कम्पनी ने

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

शेअर देने से इन्कार कर दिया । मूंदड़ा कोर्ट में गये । मामला जस्टिस रे ने सुना था । उन्होंने ऐसा फैसला दिया जिस के अनुसार मूंदड़ा को बाकी के 51 फीसदी शेअर लेने के लिये टर्नर मारिसन कम्पनी को 80,60,000 रु० देने की जरूरत ही नहीं थी । बिना कोई रुपया दिये हुए जस्टिस रे ने अपने फैसले से मूंदड़ा को 100 फीसदी शेअर दे दिये, शेअरों का अधिकार दे दिया । यह मामला जस्टिस मसूद के सामने गया । जस्टिस मसूस ने स्टे आर्डर वैकेट कर दिया । यह मामला सुप्रीम कोर्ट में भी आया । सुप्रीम कोर्ट में जिन्होंने अपील सुनी वह थे जस्टिस के एस हेगडे और श्री के० के० मैथ्यू । उन्होंने जो फैसला दिया उसका एक अंश पढ़ कर सुनाना चाहता हूं । यह जस्टिस मसूद के लिये है

> "The learned Judge then found that Mundhra was not keen in paying purchase money and getting transfer of 51 per cent shares for the reason that the injunction granted by the court in the decree suit No. 600 of 1961, restraining the appellant from voting excepting in accordance with the instructions of Mundhra made him virtually the owner of 100 per cent shares in Turner Morrison and without paying any amount for 51 per cent shares to Turner Morrison, he got control of Turner Morrison. It was to his interest not to pay anything to the appellant."

यह वह केस है जिसे श्री रे ने सुना था । मैं यह तथ्य आप के सामने रख रहा हूं । मैं जस्टिस रे पर आरोप नहीं लगा रहा हूं । लेकिन क्या इस में से यह अर्थ नहीं निकाला जा सकता कि जस्टिस रे ने ऐसा फैसला दिया जिस में मूंदड़ा को लाभ मिला । लेकिन मैं आरोप नहीं लगा रहा हूं । (**व्यवधान**) क्या इस निर्णय के आधार पर जस्टिस रे का मूल्यांकन किया जायेगा ? किसी मामले में सुप्रीम कोर्ट के किसी जज ने सरकार के खिलाफ कोई निर्णय दे दिया, तो क्या उस के आधार पर सरकार उस को उस की वरिष्ठता से वंचित कर देगी ? क्या सरकार ऐसे जज नियुक्त करेगी, जो उसकी हां में हां मिलाये ?

श्री शशि भूषण (दक्षिण दिल्ली) : इसी लिए तो हम आप को आपोजीशन में लाये हैं ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : हम आपकी कृपा से नहीं आये हैं । हम आप के बावजूद आये हैं । (**व्यवधान**)

श्री शशि भूषण : राजमाता की कृपा से आये हैं ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अध्यक्ष महोदय, मुझे ताज्जुब है कि प्रधान मंत्री जी ने इस विवाद में भाग लेने की आवश्यकता नहीं समझी है ।

श्री एस० एम० बनर्जी (कानपुर) : इस देश में भरत को भी राज्य दिया गया था, जब कि राम बड़े थे ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : ये ऐसे भरत हैं, जो खड़ाऊं के बदले स्वयं राज्य चलाना चाहते हैं ।

लेकिन प्रधान मंत्री ने सदन के बजाय कानपुर के फूल बाग में उस मामले का उल्लेख करना उचित समझा है । उन्होंने प्रेजिडेंट रूजवेल्ट का हवाला दिया है । प्रधान मंत्री राष्ट्रपति रूजवेल्ट की पंक्ति में बैठने की महत्वाकांक्षा रखें, यह मैं समझ सकता हूं । लेकिन इस का निर्णय इतिहासकार करेंगे, उन के चाटुकार या उन के सलाहकार नहीं ।

प्रेजिडेंट रूजवेल्ट का उदाहरण देना गलत है । प्रेजिडेंट रूजवेल्ट जिस अमरीका के प्रेजिडेंट थे, उस अमरीका में जजों की नियुक्ति की पुष्टि सिनेट के द्वारा की जाती है और कई मामले ऐसे हुए हैं, जब राष्ट्रपति की सिफारिश को अमरीका की सिनेट ने ठुकरा दिया और राष्ट्रपति को दूसरा नाम भेजना पड़ा । भारत में ऐसी कोई पद्धति नहीं है । राष्ट्रपति रूजवेल्ट के मंत्रि-मंडल

में ऐसे भी कोई सदस्य नहीं थे, जो कभी कम्युनिस्ट रहे हों और आज भी साइंटिफिक सोशलिज्म की बात करते हों । राष्ट्रपति रुजवेल्ट की पार्टी में ऐसे लोग भी नहीं थे, जो जजों के क्लास करेक्टर की मीमांसा करते हों राष्ट्रपति रुजवेल्ट के मंत्रि-मंडल में ऐसे वरिष्ठ सदस्य भी नहीं थे, जो जनता में जजों पर लांछन लगाते हों और जब मान-हानि का मुकदमा चलने का डर हो, तो अपने वक्तव्य का खंडन कर के लीपापोती कर लेते हों ।

इंगलैण्ड की बात भी कही गई है, आस्ट्रेलिया तथा कैनेडा का भी हवाला दिया गया है । मैं चर्चिल का एक उद्धरण सदन के सामने रखना चाहता हूं :

"The principle of the complete independence of the judiciary from the executive is the foundation of many things in our Island life. It is perhaps one of the deepest gulfs between us and all forms of totalitarianism. The judge has not only to do justice between man and man but he also—and this is one of his most important functions—has to do justice between the citizens and the State."

अगर व्यक्ति और राज्य का संघर्ष होगा, तो कमिटिड जजिज़ किस तरह का फैसला देंगे ? **(व्यवधान)** ।

सवाल केवल जजों के कमिटमेंट का नहीं है । यह बात यहीं समाप्त नहीं होगी । आज मांग की जा रही है कि जज ऐसे होने चाहिए, जिन की सोशल फिलासफी सरकारी पार्टी की फ़िलासफ़ी हो । कल कहा जायेगा कि चीफ़ इलैक्शन कमिश्नर ऐसा होना चाहिए, जिस की सोशल फ़िलासफ़ी सरकारी पार्टी की फ़िलासफ़ी हो । **(व्यवधान)** चीफ़ इलैक्शन कमिश्नर के साथ यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन के चेयरमैन का सवाल आयेगा । फिर गोलीकांडों की जांच के लिए जो जज नियुक्त होंगे उनके बारे में भी यह देखा जायेगा कि उन की सोशल फ़िलासफ़ी क्या है । तो फिर क्या यह नियम सेनाओं पर भी लागू किया जायेगा ? क्या सेनापति उन्हें नियुक्त किया जायेगा . . .

श्री बसंत साठे (अकोला) : श्री कुमारमंगलम ने जो कहा है, माननीय सदस्य उस की बात करते हुए कम से कम उस में झूठ न डालें । श्री कुमारमंगलम ने यह कहां कहा है कि हमारी पार्टी की फ़िलासफ़ी हो ? माननीय सदस्य वह वाक्य बता दें ।

श्री अटल बिहारी बाजपेयी : श्री मोहन कुमारमंगलम किस की फ़िलासफ़ी की बात करते हैं ?

SHRI PILOO MODY (Godhra) : I agree that he did not talk about his Party's philosophy. He talked about his master's philosophy. His party had never held that philosophy.

SHRI VASANT SATHE : He talked about the philosophy that is enshrined in our Constitution ... (*Interruptions*)

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अगर श्री साठे संविधान के दर्शन की बात करते हैं, तो यह संविधान कल नहीं बना है; यह 1950 से बना है । आज तक जजों की जो नियुक्तियां हुई, वे इसी संविधान के अनुसार हुईं और इसी संविधान के प्रति निष्ठा रखने वाले जज बने । उन्होंने जो फैसले किये, वे इसी संविधान की कसौटी पर कस कर किये ।

सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसलों से मतभेद हो सकता है । सुप्रीम कोर्ट अपने फ़ैसलों पर पुनर्विचार भी कर सकता है । क्या यह ताज्जुब की बात नहीं है कि जिस दिन सुप्रीम कोर्ट ने फ़ंडामेंटल राइट्स से सम्बन्ध में एक अच्छा फ़ैसला—सरकार की दृष्टि से—दिया, उसी शाम को सुप्रीम कोर्ट के उठने के बाद रेडियो से नये चीफ़ जस्टिस की नियुक्ति की घोषणा कर दी गई और दूसरे दिन सुप्रीम कोर्ट की बैठक होने से पहले नये चीफ़ जस्टिस ने शपथ ले ली ? रात के अंधेरे में यह काम करने की आवश्यकता क्या थी ? यह काम गुप्तता में क्यों किया गया ?

(श्री अटल बिहारी वाजपेयी)

कल यह रहस्योद्घाटन किया गया है कि सरकार ने रिटायरिंग चीफ जस्टिस को भी विश्वास में लेने का शिष्टाचार नही दिखाया उस की आवश्यकता नही समझी। मेरे पास एक उद्धरण है डा० अम्बेडकर का। लेकिन अब डा० अम्बेडकर का उद्धरण देने की क्या आवश्यकता है? अब तो मोहन कुमारमंगलम की फिलासफी चलेगी। डा० अम्बेडकर ने कहा था

> "It seems to me that in the circumstances in which we are to-day, it would be dangerous to leave the appointments to be made by the President without any kind of reservation or limitation, that is to say, merely on the advice of the executive of the day Similarly, it seems to me that to make every appointment subject to the concurrence of the Legislature is also not a very suitable provision Apart from its being cumbrous, it also involves the possibility of the appointment being influenced by political pressure and political considerations The draft article, therefore, steers a middle course It does not make the President the supreme and the absolute authority in the matter of making appointments It does not also import the influence of the Legislature The provision in the article is that there should be consultation of persons who are *ex hypothesi* well qualified to give proper advice in matters of this sort"

डा० अम्बेडकर ने यह नही कहा कि केवल मंत्रि-मंडल विचार-विनिमय किया जायेगा। राष्ट्रपति कोई मिट्टी के माधो नही है। राष्ट्रपति कोई मुहर लगाने की मशीन नही है। राष्ट्रपति रिटायरिंग चीफ जस्टिस से पूछ सकते थे। वह हाई कोर्ट्स के चीफ जस्टिसिज़ से विचार विनिमय कर सकते थे। (व्यवधान) लेकिन मुझे पता लगा है कि राष्ट्रपति महोदय पर दबाव डाला गया कि आप तीन जजो को सुपरसीड कर दीजिए और जस्टिस रे को चीफ जस्टिस नियुक्त कर दीजिए। क्या यह संविधान की भावना के अनुकूल है? क्या यह डा० अम्बेडकर की उद्घोषणा के अनुसार है?

13.00 hrs

स्पष्ट है कि आज संविधान को ताक पर रखा जा रहा है, न्यायपालिका की जड़ पर कुठाराघात किया जा रहा है। आज सरकार मूलभूत अधिकारों की हत्या करने पर उतारू है। इस देश में आर्थिक विकास तेजी से हो कोई भी इस के विरोध में नही है। लेकिन सरकार आर्थिक मोर्चे पर अपनी विफलताओं के लिए सुप्रीम कोर्ट को बलि का बकरा बनाना चाहती है। क्या सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को ऐसे कदम उठाने से रोका है, जिन से महगाई कम हो सके? क्या सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को राइट टु वर्क को फंडामेंटल राइट्स में शामिल करने से रोका है? गोलकनाथ के केस में मूलभूत अधिकारों को घटाने से रोका गया था, बढ़ाने से नहीं। अगर सरकार चाहती तो काम के अधिकार को मूलभूत अधिकार में शामिल कर सकती थी। हर व्यक्ति को रोजगार की गारंटी दे सकती थी और अगर रोजगार नहीं मिलता तो उस व्यक्ति का जीवन निर्वाह के लिए कुछ धन देने का प्रबन्ध कर सकती थी। इस के लिए कोई संविधान में व्यवस्था नही की गई। इस में सर्वोच्च न्यायालय बाधक नही बना।

आज फिर सवाल खड़ा किया जा रहा है कि पार्लियामेंट बड़ी है या सुप्रीम कोर्ट बड़ा है? मेरा निवेदन है कि अपने क्षेत्र में पार्लियामेंट बड़ी है और अपने दायरे में सुप्रीम कोर्ट बड़ा है। दोनों से बड़ा भारत का संविधान है और संविधान से बड़ी भारत की जनता है। यदि सरकार समझती है कि वर्तमान संविधान त्वरित आर्थिक सामाजिक परिवर्तन के मार्ग में बाधक है, तो सरकार संविधान बदल सकती है। सरकार अगर चाहे तो संसद से नई संविधान परिषद् का निर्माण करने का फैसला करा सकती है। वह नई कांस्टीट्यूएंट असेम्बली एक नये संविधान का भी निर्माण कर सकती है। लेकिन जो कानून बनते हैं वह कानून उस नये संविधान की कसौटी पर खरे हैं या नहीं यह मामला फिर सर्वोच्च

न्यायालय पर छोड़ना पड़ेगा और सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को ग्रेसफुली स्वीकार करना पड़ेगा। अगर सरकार उस से मतभेद रखती है तो उस को भी बदलने के रास्ते हैं। लेकिन यह रास्ता नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट को जी हुजूरों का जमघट बना दो, हां में हां मिलाने वालों को वहां इकट्ठा कर दो। इस का नतीजा क्या होगा कि जो जज सरकार की हां में हां मिलाएगा, जो जज सरकार के पक्ष में फैसला देगा वही चीफ जस्टिस बनेगा।

श्री एस० ए० शमीम (श्रीनगर) जज न हुआ चमचा हो गया।

श्री अटल बिहारी बाजपेयी : क्या इस से संविधान की रक्षा होगी ? क्या इस से लोकतंत्र सुरक्षित रहेगा ?

अध्यक्ष महोदय, मैं मांग करना चाहता हूं कि सरकार चीफ जस्टिस की नियुक्ति के संबंध में वरिष्ठता के नियम को स्वीकार करे। कोई नियम नहीं है, कोई नार्म नहीं है, यह मेरे मित्र जगन्नाथ राव ने भी अपने भाषण में कहा था। क्या सरकार को इस मामले में मनमानी करने दी जायगी ? अगर वरिष्ठता का नियम आप को मान्य नहीं है तो और कोई पद्धति होनी चाहिए जिस का अवलम्बन कर के आप जिस के अधिकार की अवहेलन कर रहे हैं उस में यह भाव पैदा न होने दें कि आप राजनैतिक कारणों से उस को सुपरसीड कर रहे हैं और उस को अपमानित करना चाहते हैं। अच्छा तो यह होगा कि वरिष्ठता का नियम लागू किया जाए और अभी तक वह लागू किया गया था। जस्टिस इमाम का मामला अलग था। वह शारीरिक दृष्टि से अस्वस्थ थे, अतः गजेन्द्रगडकर बना दिए गए। विधि मंत्री ने कल कहा कि मैं कई उदाहरण देने के लिए तैयार हूं जिस में सीनियर को सुपरसीड कर के जूनियर को जज बनाया गया था। ऐसे मामले हो सकते हैं। लेकिन जब ऐसे मामले हुए तब कमिटेड जूडिशियरी के लिए सरकार चर्चा नहीं करती थी। तब सरकार को मार्ग दर्शन देने वाले मोहनकुमार मंगलम नहीं थे। तब सरकार की नीयत पर शक नहीं था। आज जो बूनियादी झगड़ा है वह यही झगड़ा है कि हमें सरकार की नीयत पर शक है।

इस देश में कौन-सा दर्शन चलेगा ? इस देश की एक प्राचीन परम्परा है। यहां पंच को परमेश्वर माना जाता रहा है। व्यक्ति कोई भी हो, किसी भी दल से संबंधित हो, किसी भी वर्ग से आता हो, एक बार, न्याय-मूर्ति की कुर्सी पर बैठ गया तो सारे लाभ को सारे लोभ को, सारे मोह को त्याग कर वह सत्य का निर्णय करेगा, यह इस देश की परम्परा रही है। मैं एक उदाहरण देता हूं।

जगदगुरू आदि शंकराचार्य और मंडन मिश्र में शास्त्रार्थ होने लगा, दो विद्वान आपस में टकराने लगे तो प्रश्न पैदा हुआ कि निर्णय कौन करेगा ? कौन न्यायाधीश बनेगा ? मंडन मिश्र की पत्नी को न्यायाधीश बनाया गया। शंकराचार्य ने आपत्ति नहीं की। शंकराचार्य ने यह नहीं कहा कि मंडन मिश्र यह तो तुम्हारी पत्नी है, यह तो तुम्हारे पक्ष में फैसला देगी। शंकराचार्य ने यह नहीं कहा कि मंडन मिश्र की पत्नी का क्लास कैरेक्टर क्या है ? शंकराचार्य ने कहा कि एक बार न्यायाधीश के पद पर बैठ गई, भले ही यह आप की पत्नी होगी, मगर यह तथ्यों के आधार पर, सत्यों के आधार पर निर्णय करेंगी। यह इस देश की परम्परा रही है। इस देश में जहांगीर के न्याय की परम्परा है। लेकिन मोहन कुमार मंगलम उस परम्परा में विश्वास नहीं करते। वह गंगा के तट पर फली और फूली परम्परा में विश्वास नहीं करते। वह वोल्गा में पनपने वाली परम्परा पर विश्वास करते हैं। वह व्यक्ति को बिना पालिटिक्स के देख ही नहीं सकते। क्या व्यक्ति निष्पक्ष नहीं हो सकता।

श्री एस० एम० बनर्जी : आप शादी कीजिए, आप की पत्नी को हम बनाएंगे।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अध्यक्ष जी, जब मैं इन से शास्त्रार्थ करने जाऊं तो यह अपनी पत्नी को बना सकते हैं । मुझे आपत्ति नही होगी ।

मै अपने भाषण को समाप्ति की ओर ले जाना चाहता हू । व्यक्ति निस्पृह हो सकता है, निष्पक्ष हो सकता है, सिरासक्त हो सकता है । व्यक्ति धरती से ऊपर उठ कर, सारे स्वार्थों को तिलांजलि दे कर फैसला कर सकता है । ऐसी न्यायपालिका हमें चाहिए ऐसी न्यायपालिका हमें विकसित करनी होगी । व्यक्तिगत स्वाधीनता के साथ आर्थिक क्षमता का समन्वय करना होगा । श्री मोहन कुमार मगलम केवल आर्थिक समता चाहते हैं , व्यक्तिगत स्वाधीनता नही । हम व्यक्तिगत स्वाधीनता भी चाहते हैं और आर्थिक समता भी चाहते हैं । यह बुनियादी मतभेद है । यह मतभेद तीन जजो का मतभेद नही है । यह लोकतत्र और अधि-नायकवाद का मतभेद है । यह ढोगी और कमिसार का मतभेद है । यह महात्मा और मार्क्स का मतभेद है । यह लोकतत्र और मोहनकुमार मगलम का मतभेद है ।

मै चाहूगा कि विधि मंत्री स्पष्ट करे और अच्छा होता कि इस सदन में प्रधान मंत्री आती और बताती कि श्री मोहन कुमार मगलम ने जिस दर्शन की व्याख्या की है क्या वह काग्रेस पार्टी का दर्शन है ? मै जानना चाहता हू कि क्या काग्रेस पार्टी मे उस के ऊपर कभी चर्चा हुई है ? अगर जज दर्शन के हिसाब से नियुक्त किए जाएगे तो फिर सोशलिस्ट फोरम का अलग दर्शन है जो सोशलिस्ट फोरम कब्र मे शांति से सो रहा है और नेहरू फोरम का दर्शन अलग है जो सिसकियां ले रहा है । मै जानना चाहता हू कि जज कौन से दर्शन को प्रतिबिम्बित करेंगे ? राज्यो मे अलग अलग दलो की सरकारें होगी । क्या वहा के हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस उन दलो के दर्शन का प्रति-निधित्व करेगी ? जिस फिलास्फी का इन्होंने प्रतिपादन किया है वह लोकतंत्र विरोधी है, वह दर्शन न्यायपालिका की स्वतन्त्रता पर आघात करने वाला है, वह लोकतंत्र का विनाश करने वाला है और इसीलिए हम ने फैसला किया है कि हम उसके खिलाफ लड़ेंगे, सदन मे भी और बाहर भी ।

श्री बी० पी० मौर्य (हापुड) : आदरणीय अध्यक्ष महोदय, श्री अटल जी ने एक बहुत अच्छी शेर पढ़ कर चर्चा का प्रारंभ किया था । उन्होंने बहुत से आरोप हमारे दल पर लगाए । उन की उस शेर का जवाब मे एक शेर से देना चाहूगा

तरदामनी पै हमारी जाइयो न शेख ।

दामन निचोड दे तो फरिश्ते वजू करें ।।

अर्ज यह करना चाहता हू कि आज के दिन यह देखना होगा कि संविधान के लिए जनता है या जनता के लिए संविधान है ? संविधान के लिए जनता बनाई गई है या जनता के लिए संविधान बनाया गया है जनता के रास्ते मे संविधान की कोई व्यवस्था आ जाय तो उसे हटाया जायगा या संविधान के रास्ते मे जनता आ जाय तो जनता को हटाया जायगा ? केवल इस तथ्य को अटल जी जान ले तो वह समझ पाएगे कि जनता के लिए संविधान है, संविधान के लिए जनता नही है । और जब संविधान जनता के लिए है तब फिर सुप्रीम कोर्ट भी जनता के लिए है । सुप्रीम कोर्ट केवल अटल जी के लिए या कुछ करोड़पति, अरबपति सेठो के लिए नही है ।

उन्होंने परम पूज्य बाबा साहब डा० अम्बेडकर को यहाँ पर कोट किया । और बाबा साहब को कोट करते समय उन्होंने यह कहा था, वह ड्राफ्टिंग कमेटी के चेयर-मैन थे, मै उन्ही की उन भावनाओ को यहा फिर से रखना चाहता हूं । मै कोट कर रहा हूं कांस्टीटयुएट असेम्बली डिबेट वाल्यूम 11 पृष्ठ 979 ।

Parampujya Baba Saheb Dr. Ambedkar, while presenting the Constitution, stated on 25 November, 1949, (Vol. XI, p. 979)

"The third thing we must do is not to be content with mere political democracy. We must make our political democracy a social democracy as well. Political democracy cannot last unless there lies at the base of it social democracy. What does social democracy mean? It means a way of life which recognizes liberty, equality and fraternity as the principles of life. These principles of liberty, equality and fraternity are not to be treated as separate items in a trinity. They form a union of trinity in the sense that to divorce one from the other is to defeat the very purpose of democracy. Liberty cannot be divorced from equality, equality cannot be divorced from liberty. Nor can liberty and equality be divorced from fraternity. Without equality, liberty would produce the supremacy of the few over the many. Equality without liberty would kill individual initiative. Without, fraternity, liberty and equality could not become a natural course of things. It would require a constable to enforce them. We must begin by acknowledging the fact that there is complete absence of two things in Indian Society. One of these is equality. On the social plane, we have in India a society based on the principle of graded inequality which means elevation for some and degradation for others. On the economic plane, we have a society in which there are some who have immense wealth as against many who live in abject poverty. On the 26th of January 1950, we are going to enter into a life of contradictions. In politics we will have equality and in social and economic life we will have inequality. In politics we will be recognizing the principle of one man one vote and one vote one value. In our social and economic life, we shall, by reason of our social and economic structure, continue to deny the principle of one man one value. How long shall we continue to live this life of contradictions? How long shall we continue to deny equality in our social and economic life? If we continue to deny it for long, we will do so only by putting our political democracy in peril. We must remove this contradiction at the earliest possible moment or else those who suffer from inequality will blow up the structure of political democracy which this Assembly has so elaboriously built up."

यदि आप इस को मानते हैं, तब आप को यह सोच कर चलना पड़ेगा कि चाहे जूडीशियरी हो, चाहे लेजिस्लेचर हो, चाहे एक्जीक्यूटिव हो, उन को यह देखना होगा कि उनका चलन जनता की आकांक्षाओं के अनुसार है या नहीं देश की पराधीनता का आर्थिक विषमतायें, सामाजिक विषमतायें कारण रही हैं, उनको समाप्त करने के लिये संविधान को इस तरह से इन्टरप्रेट करें, संविधान की आत्मा को जान कर इस तरह से उसका इन्टरप्रेटेशन करें कि आर्थिक और सामाजिक विषमता इस देश से समाप्त हो सके।

उन्होंने अपने तर्क में बहुत सी बातें कहीं हैं, उन में एक यह भी है कि सीनियोरिटी को क्यों कायम नहीं रखा, जब कि अब तक यह परम्परा रही थी। उन्होंने यह भी कहा कि कंसलटेशन होना चाहिये। मैं आपका ध्यान ड्राफ्ट की धारा 103 और 105 तथा संविधान की धारा 124 और 126 की ओर दिलाना चाहता हूं——

"There shall be a Supreme Court".

यह ड्राफ्ट में था——

"Every Judge of the Supreme Court shall be appointed by the President by warrant under his hand and seal after consultation with such of the Judges of the Supreme Court and of the High Courts in the States as may be necessary for the purpose and shall hold office until he attains the age of 65 years".

इस में कहा गया है——

'as may be necessary'.

यह ड्राफ्ट में था, लेकिन संविधान में क्या हुआ ——संविधान में 'बी" शब्द को हटाया गया और उसकी जगह "डीम" शब्द को लाया गया, वह उससे भी ज्यादा कमजोर शब्द है——आप जरा इसको समझने की कोशिश कीजिये।

[श्री बी० पी० मौर्य]

"As the President may deem necessary" "Be" was deleted and it was made "deemed necessary."

अर्थात् "बी नैसेसरी" की जगह "डीम नैसेसरी" हो गया। अब अगर आप इसकी बैकग्राउण्ड में जाना चाहते हैं तो मैं बैकग्राउण्ड में भी जा सकता हूं। मैं कान्स्टीच्यूएन्ट असेम्बली की डिबेट की तरफ आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं—जिस समय कन्सलटेशन के बारे में बहस हो रही थी, उस समय श्री रोहिणी कुमार चौधरी ने कहा था—पृष्ठ 252 वाल्यूम 8—

"I want now to say a word about consultation In my opinion, the amendment suggested by Dr Ambedkar for the deletion of the line where it is said that "after consultation with such of the judges of the Supreme Court and the High courts in the States where necessary" should be accepted After all, this is a matter which should be entirely dealt with by the President He can, if he likes, consult anybody If he does not like he need not consult anybody If he knows the man to be of outstanding ability, it is not necessary for the President to consult anybody"

मोदी जी, यह रामलीला मैदान नहीं है, लोक सभा है—जरा इधर ध्यान दीजिये। अब मैं श्री अटल जी तथा उन के विरोधी साथियों का ध्यान श्री कामथ के एक अमेण्डमेन्ट की ओर दिलाना चाहता हूं जो उन्होंने ड्राफ्ट पर मूव किया था। उस में जूरिस्ट शब्द नहीं था, कान्स्टीट्यूशन आफ दी सुप्रीम कोर्ट के बारे में सिर्फ (ए) तथा (बी) क्लाज थे—

"(a) has been for at least five years a judge of the high court, and

(b) has been for at least 10 years an advocate of the high court

(c) is, in the opinion of the President, a distinguished jurist"

(सी) इस में बाद से आया, जब श्री कामथ ने अमेण्डमेन्ट रखा और उन्होंने कहा था कि यह जरूरी नहीं है कि प्रेसिडेन्ट हाई-कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के जजेज को चीफ जस्टिस बनायें, इसलिये इसमें सीनियोरिटी का प्रश्न कहां रह जाता है। उन के कहने पर (सी) इस में जोड़ा गया था—

"is, in the opinion of the President, a distinguished jurist."

इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि जो संविधान के रचयिता थे, जिन्होंने उसके साथ मेहनत की थी, उसमें सीनियोरिटी की कोई व्यवस्था नहीं रखी थी। मैं मानता हूं कि परम्परा रही थी, जजेज की सीनियोरिटी लिस्ट बनाई जाती थी, लेकिन उस परम्परा का यह अर्थ नहीं है कि हिन्दुस्तान में अगर उनसे भी ज्यादा ज्ञानवान व्यक्ति उपलब्ध है तो उसको चीफ जस्टिस न बनाया जाय। यह चीज इसीलिये प्रेजिडेन्ट पर छोड़ दी गई थी कि वह जिसको उसके योग्य समझें, उसे चीफ जस्टिस बनायें।

मैं एक और बात आपको बतलाता हूं—स्वयं हैगड़े जी ने सीनियोरिटी का प्रश्न नहीं उठाया है, जिन की आप यहां पर वकालत कर रहे हैं। सीनियोरिटी उनकी दृष्टि में कोई जरूरी नहीं है। उन्होंने तो फिटनेस के बारे में कहा है। अब प्रश्न यह पैदा होता है कि इस को कौन तय करेगा? मैं आपके द्वारा इन विरोधी नेताओं को जो प्रतिक्रियावादी शक्तियों के प्रतीक हैं, कहना चाहता हूं क्या फिटनेस श्री अटल बिहारी वाजपेयी, श्री पीलू मोदी तय करेंगे या उनके कोई साथी तय करेंगे या हैगड़े साहेब तय करेंगे। अध्यक्ष जी, फिटनेस तय करेंगे—देश के राष्ट्रपति जी, सरकार की कैबिनेट के मशविरे से तय करेंगे।

जब फिटनेस के बारे में बात आती है तो और भी बहुत से प्रश्न खड़े हो जाते हैं। जहां कहीं भी जनतन्त्र चलता है, अगर वहां सीनियोरिटी की बात की जाय तो उसका मजाक बनाया जायगा। क्या फिटनेस का विरोधी दल तय करेंगे, प्रतिक्रियावादी तय करेंगे, मोरारजी भाई देसाई तय करेंगे? यह बात समझ में नहीं आती है। कौन तय

